हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 किसानों को फसल का उचित भाव मिले सरकार की...



07 गांधीनगर नई बस्ती में गंदगी का अंबार, मोहल्लेवासी...



### जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन
# वरिष्ठता प्रदान करने व टीईटी परीक्षा रद्द करने हेतु संयुक्त मोर्चा ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मध्य प्रदेश के शिक्षकों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर बुधवार को शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित कर मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा निकाली गई। जिले भर से आए सैकड़ों शिक्षकों ने पहले कंपनी गार्डन पर धरना प्रदर्शन कर सभा संबोधित की गई और उसके बाद एक विशाल रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की।

संयुक्त मोर्चा के मीडिया प्रभारी मनोज सागर द्वारा उक्त जानकारी देते हुवे बताया गया कि आयोजित धरने को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि मध्य प्रदेश का शिक्षक आज अपने हक के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। मोर्चा के सदस्यों ने मुख्य रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा को रद्द करने और शिक्षकों की वरिष्ठता के मुद्दे पर सरकार की आलोचना एवं निंदा की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक शिक्षकों को उनकी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नहीं दी जाती और शिक्षक पात्रता परीक्षा स्थगित नहीं हो जाती तब तक यह संघर्ष विराम नहीं लेगा।



धरना प्रदर्शन के पश्चात शिक्षकों का हुजूम रैली में परिवर्तित होकर छावनी चौराहे से होकर कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुआ। हाथों में अपनी मांगों की तख्तियां लिए शिक्षक टीईटी परीक्षा रद्द करो रद्द करो, टीईटी परीक्षा न्याय नहीं अन्याय है और वरिष्ठता हमारा अधिकार है जैसे नारे लगा रहे थे। रैली के दौरान शिक्षकों का अनुशासन और एकजुटता देखते ही बन रही थी।

ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार को सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन संयुक्त मोर्चा के सदस्य कमल सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। ज्ञापन सौंपते समय संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिला स्तरीय ज्ञापन सरकार के लिए एक अनुरोध के साथ चेतावनी भी है। यदि शासन ने समय रहते शिक्षकों की उक्त मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो दिनांक 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में प्रदेश स्तरीय उग्र आंदोलन किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन में संयुक्त मोर्चा के सभी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी सहित जिले के प्रताड़ित शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन में अनुरोध एवं आक्रोश सभा का संचालन मोर्चा के सदस्य मनोज दुबे द्वारा किया गया एवं आभार मोर्चा के सदस्य दिनेश मेहता ने व्यक्त किया।

### बड़ी संख्या में समाजजनों ने लिया भाग
# विश्व नवकार दिवस पर नलखेड़ा में भी हुआ नवकार महामंत्र का सामुदायिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष में जैन समाज द्वारा नगर में नवकार महामंत्र जाप का सामूहिक आयोजन किया गया। जिसमें जैन समाज के लगभग 300 सदस्यों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना का वितरण भी किया गया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के आह्वान पर 9 अप्रैल को एक वैश्विक कार्यक्रम पूरे विश्व में 108 देशों में आयोजित किया गया। जिसमें एक साथ निर्धारित समय में एक स्वर में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। स्थानीय जैन श्वेतांबर श्री संघ के तत्वाधान में जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर गुरुवार को प्रातः 8 से 9 बजे तक नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप का कार्यक्रम हुआ। जिसमें 300 से अधिक समाज की महिलाओं ने केसरिया तथा लाल वस्त्र व पुरुषों द्वारा सफेद वस्त्र धारण कर भाग लिया गया। नवकार दिवस मनाने के लिए समाजजनों में अपार उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की सफलता पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। इस आयोजन को करने के लिए जीतो सगंठन ने जो पहल की है उसके लिए जीतो की खूब खूब अनुमोदना की गई।



### दिगंबर समाज में भी हुआ आयोजन

स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा भी विश्व नवकार दिवस पर सामूहिक नवकार मंत्र के जाप का आयोजन चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में किया गया। जिसमें जैन समाजजनों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के पश्चात श्रीफल की प्रभावना का भी वितरण किया गया।

### एमपीईबी ग्राउंड स्थित उपकेंद्र से शुरू हुई बिजली आपूर्ति
# बिजली संकट से मिली मुक्तिः लोकार्पण के 12 दिन बाद शुरू हुआ नया सब स्टेशन

**प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने 26 मार्च को किया था लोकार्पण, चक्काजाम और जनता के आक्रोश के बाद जागी कंपनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मंडी क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। पिछले कई महीनों से भीषण बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को आखिरकार मंगलवार 7 अप्रैल से नियमित बिजली सप्लाई मिलना शुरू हो गई है। एमपीईबी ग्राउंड स्थित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, जिसका लोकार्पण 12 दिन पूर्व किया गया था, अब पूरी तरह क्रियाशील हो गया है। इस सब-स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के बिजली तंत्र पर बना भारी दबाव कम हो गया है, जिससे अब अघोषित कटौती का दौर थम जाएगा।

बता दें इस उपकेंद्र का लोकार्पण 26 मार्च को जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया था। लेकिन विडंबना यह रही कि लोकार्पण के बावजूद तकनीकी कमियों और अधूरे काम के कारण सप्लाई शुरू नहीं हो सकी थी। इस बीच मंडी क्षेत्र में बिजली संकट और गहरा गया। स्थिति यह बनी कि दिन में 7 से 8 बार कटौती होने लगी।

दो दिन पूर्व सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहने से गुस्साए नागरिकों ने मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया था। जनता के इसी भारी विरोध और विभाग की किरकिरी के बाद विद्युत कंपनी ने युद्ध स्तर पर कार्य पूरा कर 7 अप्रैल से इस सब स्टेशन से सप्लाई शुरू कर दी है।

**इन क्षेत्रों को होगा सीधा लाभ :** एमपीईबी ग्राउंड स्थित इस नए सब-स्टेशन से शहर के एक बड़े हिस्से की बिजली व्यवस्था सुधर जाएगी। अब यहां से जनता कॉलोनी, संजय नगर, मंडी क्षेत्र, बड़ा मंदिर एरिया, इंद्रा कॉलोनी, फ्रीगंज, पुलिस अधीक्षक निवास और मस्जिद एरिया में सप्लाई दी जाएगी।

### इंडस्ट्रियल एरिया को अलग फीडर

मालूम हो कि पहले मंडी और इंडस्ट्रियल एरिया एक ही फीडर बिजौरी डीसी पर निर्भर थे, जिससे लोड बढने पर ट्रिपिंग होती थी। अब बिजौरी डीसी क्षेत्र से केवल इंडस्ट्रीज और अन्य संबंधित क्षेत्रों को सप्लाई मिलेगी, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होगी।

### विधायक के प्रयासों से मिली 2.79 करोड़ की सौगात

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने 2 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से बने इस सब-स्टेशन का उद्घाटन करते हुए इसे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया था। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए यह सब-स्टेशन निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। बता दें मण्डी क्षेत्र को इस उपकेन्द्र की सौगात विधायक सुदेश राय के प्रयासों से मिल सकी है।

### 24 घंटे तैनात रहेगी टीम

विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं की सुविधा और तकनीकी खराबी की तुरंत मरम्मत के लिए नए उपकेंद्र पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की है। यहां तीन शिफ्टों में कर्मचारी तैनात रहेंगे, जो हर 8 घंटे में बदले जाएंगे। इससे किसी भी फॉल्ट की स्थिति में तुरंत सुधार कार्य किया जा सकेगा।

### जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य शुभारंभ
# उपार्जन केन्द्र मंडी प्रांगण तनोड़िया पर कलेक्टर ने किसानों का सम्मान कर खरीदी कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





शासन निर्देशानुसार रबी विपणन मौसम 2026-27 हेतु जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य गुरुवार 09 अप्रैल से प्रारंभ किया गया। गेहूं उपार्जन केंद्र, मंडी प्रांगण तनोड़यिा में कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा तौल-कांटा को विधिवत पूजन कर किया गया। इस अवसर पर गेहूं लेकर आएं कृषक मुकेश गुर्जर (गेहूंखेड़ी), राजेंद्र सिंह राठौर (गुंदीकला), नारायण लाल परमार एवं शंभूसिंह राठौर (तनोड़यिा) का फूल-माला पहनाकर सम्मान किया गया तथा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। गेहूं उपार्जन का कार्य 09 अप्रैल से 05 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके लिये जिले में 42 खरीदी केन्द्र निर्धारित किये गए है। शुभारम्भ अवसर पर प्रहलाद सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, राहुल जैन, ऐलकार सिंह, महेश मित्तल, सतपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, महेश शर्मा, बलराम सिंह, पंकज मित्तल, कालू सिंह यादव, महिपाल सिंह, गिरीश परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मनोहरलाल मालवीय, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता आर.एस. जरिया, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रविन्द्र शर्मा, जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी दुर्गेश जाट, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (आगर-बड़ौद) एन.एस. मुवेल तथा उपार्जन केंद्र प्रभारी संजय विश्वकर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### तकनीक आधारित कृषि वर्तमान समय की जरूरत हैः कलेक्टर

**सीहोर।** जिले की इछावर तहसील के भाउखेड़ी आजीविका पार्क में कलेक्टर बालागुरू के. ने एनआरएलएम अंतर्गत गठित आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के फील्ड प्रक्षेत्र में आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित प्रिसिजन फार्मिंग केंद्र का लोकार्पण किया। यह परियोजना नाबार्ड, जियो कृषि, जैन इरिगेशन एवं सीपा संस्था के अभिसरण से विकसित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव एवं नाबार्ड की सीजीएम सी. सरस्वती भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर पौधारोपण भी किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता है।

# एचपीवी वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

14 वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी का टीकाकरण बालिकाओं को किए जा रहे हैं। इस अभियान के संबंध में जागरूकता हेतु ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर विजय यादव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नलखेड़ा मे मीटिंग रखकर उपस्थित जनों से अपील की गई की 14 वर्ष की बालिकाओं को टीकाकरण के लिए जागरूक कर टीके के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षद देवेंद्र गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि इलियाज भाई, निलेश लोढ़ा, अंबाराम बेगाना, डॉ विजय यादव, डॉ पवन माहेश्वरी, डॉ पायल पाटीदार, जितेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री नागर कल लेंगे बैठक

**नलखेड़ा।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक 11 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा हेतु शामिल विभागों में स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल संसाधन, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभाग शामिल रहेंगे।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अभिभावकों को किया जागरूक
# एचपीवी वैक्सीनेशन बेटियों के लिए सुरक्षा कवचः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





नगर के नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में सर्वाइकल कैंसर ऌढश टीकाकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, उपयोगिता और सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं होते हैं, इसलिए सभी पात्र बालिकाओं को समय पर टीकाकरण करवाना जरूरी है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 21 बालिकाएं टीकाकरण के लिए पात्र हैं। जिनमें से 6 बालिकाओं को अब तक वैक्सीन लगाई जा चुकी है। टीकाकरण करवाने वाली छात्रा निशा गुर्जर का विद्यालय परिवार द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जिससे अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद मांगू बाई आर्य, जन शिक्षक राधेश्याम वर्मा, सिस्टर चेतना निगम, बी.ई. भगवान सिंह डगवाल, प्राचार्य कृष्ण चंद्र शर्मा, प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक संतोष शर्मा राहुल बीजापारी और छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करना रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते एचपीवी वैक्सीन लगाई जाए तो इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

**खबर संक्षेप**

### दो होनहारों ने 11वीं में 90% से अधिक अंक लाकर बढ़ाया मान





कांटाफोड़। क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, यह एक बार फिर साबित कर दिखाया है ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जयप्रकाश शर्मा के परिवार के होनहार बच्चों ने। परिवार की बेटी गौरी जगदीश शर्मा ने बालाजी स्कूल कन्नौद से कक्षा 11वीं में 92.34 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। वहीं उनके भाई रामकुमार जगदीश शर्मा ने भी 93.06 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एक ही परिवार के दो प्रतिभाशाली बच्चों की इस उपलब्धि से पूरे ग्राम मुहाई सहित कन्नौद क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। दोनों भाई-बहनों की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण साफ झलकता है। इनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है। परिजनों का कहना है कि बच्चों ने शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाई, जिसका परिणाम आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय गुरुओं के मार्गदर्शन और बच्चों की निरंतर मेहनत को दिया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश दुबे, जयप्रकाश शर्मा, दिनेश पंचोली, राजेंद्र पंचोली, सुनील पटेल, अनिरुद्ध शर्मा, राज टुटेजा, पत्रकार सुनील शर्मा, श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र परमार एवं योगेश पटेल, पत्रकार अरविंद भूतड़ा सहित अनेक गणमान्यजन शामिल हैं। इस सफलता ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

### जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की शुरुआत गुरुवार से हुई

# किसानों को फसल का उचित भाव मिले सरकार की पहली प्राथमिकता: विधायक

### कलेक्टर, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने खुद परखी खरीदी की पूरी प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की शुरुआत गुरुवार से हो गई। पहले ही दिन हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दुर्गापुरा स्थित स्टील सायलो उर्पाजन केंद्र पर अपनी उपज विक्रय करने आए किसानों का तिलक लगाने के साथ माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया और रिबन काटकर गेहूं उपार्जन की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार, बहादुर मुकाती, सायलो केंद्र के प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं कृषकगण उपस्थित थे।इस अवसर पर विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है। किसानों को उनकी फसल का उचित भाव मिले यह मप्र सरकार की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को उपज बेचने में परेशानी न हो इसके लिए शासन-प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि जो किसान बाहर से आते हैं उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए यहां पीने के पानी, छांव सहित अन्य सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उपार्जन केंद्रों पर शासन द्वारा की जा रही सुविधाओं के लिए मैं किसानों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हूं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह, विधायक मनोज चौधरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने किसानों की उपज आने से लेकर नमी की जांच, वजन और उपज सायलो में खाली होने तक की पूरी प्रक्रिया को देखा। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए छाया, ठंडे पानी की व्यवस्था और शौचालय का प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा।कलेक्टर सिंह ने कहा कि सायलो केंद्र पर गेट के अंदर गाड़ी आने से खाली होकर बाहर निकलने तक महज 01 घंटे का समय लगेगा। यहां एक साथ 6 गाड़ियां खाली हो सकती हैं। उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली गई है। उपार्जन केंद्रों पर कांटे की व्यवस्था की गई, आवश्यकतानुसार उन्हें बढ़ाया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि रबी विपणन मौसम 2026-27 जिले में गेहूं उपार्जन के लिए कुल 77335 किसानों ने पंजीयन कराया है। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में कुल 131 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। कलेक्टर सिंह ने किसान भाईयों से अनुरोध है कि वे उपार्जन केंद्रों पर आकर अपनी गेहूं की उपज को लेकर आए तथा आसानी से विक्रय करें।जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन मौसम 2026-27 हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन नीति एवं एसओपी जारी गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करने की सुविधा (सप्ताह में 05 दिवस सोमवार से शुक्रवार) उपलब्ध कराई गई है। किसान अपनी सुविधा अनुसार दिनांक एवं गेहूं उपार्जन केन्द्र का चयन कर स्लॉट बुक कर सकते है। जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों पर किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु दिनांक 09, 10, 13, 15, 16, 17 अप्रैल 2026 के लिए कुल 10324 स्लॉट बुक कर लिये गये है।

# आरटीओ ने जब्त की स्लाइडर लगी स्लीपर बस

### पीयूसी नहीं होने पर 6 बसों पर लगा जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा जिले में यात्री बसों के विरूद्ध विशेष जॉच अभियान चलाया गया। चैकिंग कार्यवाही में यात्री बसों विशेषकर स्लीपर बसों की जॉच की गई जिसमें शासन द्वारा दिये गये मापदण्डों के अनुरूप निर्माण के संबंध में जॉच की गई। जॉच किये जाने पर एक स्लीपर यात्री बस जिसमें स्लाईडर लगे हुए थे, को तत्काल जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया, मौके पर ही उक्त स्लीपर बस में लगे स्लाईडर को हटाया गया। एक अन्य यात्री बस का परमिट शर्तों के उल्लंघन में जप्त किया गया। चैकिंग कार्यवाही में यात्री बसों में निर्धारित दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी के साथ ही आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र तथा सुरक्षा मानकों की विशेष जाँच की गई। आज की गई चैकिंग कार्यवाही में 2 यात्री बसों, तथा एक मालवाहक वाहन को जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में अभिरक्षा में रखा गया। साथ ही 6 वाहनों पर पीयूसी नहीं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही कर 30000 रुपए अर्थदण्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा समस्त परिवहन अधिकारियों को यात्री बसों एवं स्लीपर बसों में सुरक्षा संबंधी मानकों जैसे आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र, वीएलटीडी डिवाइस, स्लाइडर इत्यादि के संबंध में विशेष जॉच अभियान चलाने के संबंध में आदेश जारी किये गये हैं। परिवहन अधिकारी ने मौके पर समस्त वाहन चालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी-अपनी बसों का संचालन यातायात नियमों के अनुरूप ही करें, किसी भी परिस्थिति में ओव्हरलोडिंग एवं ओव्हर स्पीडिंग ना की जावे। नियमों का पालन नहीं किये जाने पर वाहन एवं वाहन चालकों के विरूद्ध सख्ती से चालानी कार्यवाही की जावेगी। परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि चैकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# हाटपिपल्या तहसील में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के निर्देशन में प्रांत की सभी 115 तहसीलों में तहसील एवं ग्राम समितियों की बैठकों का आयोजन प्रांतीय एवं संभागीय पदाधिकारियों द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी योजना के अंतर्गत हाटपिपल्या तहसील की बैठक प्रांतीय मंत्री भारत सिंह बेस द्वारा कृषि उपज मंडी के बैठक हॉल में संपन्न हुई। बैठक के पश्चात उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के सुप्रसिद्ध नृसिंह मंदिर पहुंचकर भगवान नृसिंह जी की पाषाण प्रतिमा के दर्शन किए। सायंकाल ग्राम तिल्याखेड़ी स्थित देवनारायण मंदिर में ग्राम समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं का सामूहिक भोजन भी वहीं आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत सिंह बेस द्वारा देवास रोड पर ग्राम समिति के स्वागत बोर्ड का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हुकुम चंद पटेल, युवा किसान वाहिनी संयोजक माखन नाहर, तहसील अध्यक्ष रामनारायण यादव, तहसील मंत्री ओम मंडलोई, गोकुलसिंह चौहान, हरीश मंडलोई, महेश पाटीदार, प्रकाश मुकाती, उमेश पाटीदार, अजाबसिंह पटेल, भादरसिंह पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शुभ मुहूर्त में शुरू हुई समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी, किसानों का फूल-मालाओं से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ गुरुवार को पूरे विधि-विधान और शुभ मुहूर्त में किया गया। गिरिराज वेयरहाउस एवं प्रभु श्री वेयरहाउस में टोल कांटे की पूजा-अर्चना के साथ तुलाई प्रक्रिया की विधिवत शुरुआत हुई। इस अवसर पर किसानों का फूल-मालाओं से सम्मान कर उनका स्वागत किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। प्रभु श्री वेयरहाउस में सोसायटी प्रबंधक ज्ञानेंद्र जोशी ने शुभ मुहूर्त में पहली तुलाई कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। वहीं गिरिराज वेयरहाउस में मुकेश जायसवाल द्वारा तुलाई की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक सुखलाल मौर्य ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए तुलाई प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से गिरिराज वेयरहाउस के ओमप्रकाश होलानी ने मुहूर्त पूजन से लेकर तुलाई व्यवस्था तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखा। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाएगी। स्लॉट व्यवस्था के अनुसार तुलाई की जाएगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शुभ मुहूर्त में खरीदी शुरू होने से किसानों में संतोष और खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर लोहारदा नगर भाजपा अध्यक्ष वंशीलाल भूतड़ा, नन्दकिशोर बाल्दी, सुशील पसारी, विजय जोशी, छगनलाल राठौर, नरेंद्र मुंदड़ा, जिला योजना समिति सदस्य प्रदीप डाबी, संजय गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि बलदाऊ दुबे, रवि पटेल, मनोज तापड़िया, पुरुषोत्तम बियाणी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मेघा कंपनी नर्मदा पाइपलाइन की साइड से लोहे के सरिया चोरी करने वाले आरोपियों को महज 10 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस थाना कमलापुर पर गुरुवार को फरियादी भूरा राम पिता भगत राम जाट उम्र 29 साल निवासी बाड़मेर राजस्थान हाल मुकाम गोविंद नगर कान्टाफोड़ द्वारा द्वारा रिपोर्ट किया था, कि वह हैदराबाद की मेघा कम्पनी नर्मदा सिंचाई परियोजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने का ठेका लिया। कंपनी की साइड ग्राम दिवसीया के पास जंगल में चल रही है उक्त साइड से 1 से 6 अप्रैल के बीच कोई अज्ञात बदमाश करीब ढाई कुंन्टल सरिया चोरी करके ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी एस एस मीणा के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि मुखबिर कि सूचना के आधार पर दो आरोपियों अजय सिंह राजपूत निवासी ग्राम देवासिया व नंदराम कोरकू निवासी ग्राम सिंघलादेह को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल करीब ढाई कुंन्टल लोहे का सरिया कीमती 15000 का बरामद किया गया।आरोपी अजय सिंह द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाईजर नंदराम कोरकू से चोरी किया हुआ 3 कुंटल सरिया 4500 रुपए में ख़रीदा गया था। अजय सिंह पिता प्रेम सिंह राजपूत उम्र 25 साल निवासी ग्राम देवस्या,02- नंदराम पिता गोरेलाल जाति कोरकू ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिंगला देह थाना कान्टाफोड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय बागली में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक अरुण आर्य, प्र. आर राजेंद्र शर्मा,प्र आर भगवती प्रसाद खरे,आरक्षक अरुण वर्मा,सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

# वायरल वीडियो की सीएमएचओ से शिकायत के बाद नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भ्रूण परीक्षण से संबंधित वीडियो वायरल हुआ। वीडियो को सीएमएचओ को भेजकर शिकायत की गई थीं। अब संबंधित डॉक्टर के खिलाफ भी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने श्रीराम नर्सिंग होम की संचालिका डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध पाया है। उनके खिलाफ थाना कोतवाली में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गुरुवार शाम को श्रीराम हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने की। जांच के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सरोजनी जेम्स बैक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

### पुलिस बैंड की आकर्षक प्रस्तुति, युवाओं को भर्ती के लिए किया प्रेरित

# 679 पदों पर होगी भर्ती, कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला देवास के सयाजी द्वार पर मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल के पुलिस बैंड द्वारा विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती 2026 के लिए प्रेरित करना और उनमें पुलिस सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक खुशी लाल के नेतृत्व में 20 सदस्यीय पुलिस बैंड टीम ने देशभक्ति और जोश से भरपूर धुनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। बैंड की मधुर और उत्साहवर्धक धुनों ने उपस्थित नागरिकों और खासकर युवाओं का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने प्रस्तुति की सराहना की।इस अवसर पर अधिकारियों ने भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस बैंड भर्ती 2026 के अंतर्गत कुल 679 पदों पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए न्यूनतम 8वीं पास तथा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 10वीं पास होना अनिवार्य है।इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। देवास पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेकर अपने भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाएं।

# भारतीय किसान संघ की बैठक में फैसला डॉ. दुक्तावा बने सतवास तहसील सह प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास



भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत सतवास तहसील में एक दिवसीय आवासीय बैठक का सफल आयोजन मंडी प्रांगण लोहारदा में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय, संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन विस्तार, किसानों की ज्वलंत समस्याओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

आयोजित हुई बैठक में किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर संभागीय सह मंत्री बहादुर सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश टांडी, जिला मंत्री गोरेलाल गुर्जर, जिला सह मंत्री सुमेर सिंह दरबार, जिला कार्यालय मंत्री एवं सतवास तहसील प्रभारी लखन सिंह राठौर, जिला मंडी प्रमुख डॉ. अशोक दुक्तावा, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख रविन्द्र परमार, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, तहसील मंत्री दीपक पटेल, तहसील उपाध्यक्ष नारायणजी पाड़ोदा, नगर समिति अध्यक्ष मांगीलाल गुर्जर, नगर उपाध्यक्ष अमर सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश टांडी की अनुशंसा पर संभागीय सह मंत्री बहादुर सिंह राजपूत ने डॉ. अशोक दुक्तावा को सतवास तहसील का सह प्रभारी नियुक्त किया। इस नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. दुक्तावा की नियुक्ति पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. बाबूलाल चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों एवं किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### नपा में आउटसोर्सिंग भर्ती पर सवाल उठाए

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हो रही नियुक्तियों को लेकर पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। मोहल्ला बुधवार कॉलोनी निवासी एक महिला ने जनसूचना का अधिकार का सहारा लेते हुए भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नगर पालिका प्रशासन से जवाब तलब किया है। कालोनी निवासी प्रिया पत्नी दिनेश ने नगर पालिका परिषद के प्रभारी अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए आउटसोर्सिंग पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इन नियुक्तियों के आधार और चयन प्रक्रिया को लेकर प्रार्थिनी ने स्पष्टीकरण मांगा है। पीड़िता ने उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015 का हवाला देते हुए प्रशासन से मांग की है कि उक्त आउटसोर्सिंग भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए। पत्र के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया है कि नियुक्तियां किन शर्तों और किस पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जा रही हैं। इस मांग का समर्थन करते हुए प्रार्थना पत्र पर सुप्रिया, रानी, मुस्कान और रेखा जैसी अन्य महिलाओं के नाम भी अंकित हैं, जो भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की उम्मीद कर रही हैं। शहर में चर्चा है कि सरकारी निकायों में आउटसोर्सिंग नियुक्तियों को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में आरटीआई के जरिए मांगी गई यह जानकारी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

### निजी स्कूलों पर सख्ती, महंगी किताबें और अवैध शुल्क वसूली पर रोक

# बीएसए का सख्त आदेश एनसीईआरटी एससीईआरटी किताबें ही लागू होंगी

**नियम तोडने पर मान्यता रद्द**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और अभिभावक हितैषी बनाने के लिए जिला बीएसए ने निजी स्कूलों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। बीएसए द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब किसी भी विद्यालय में महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य नहीं की जाएंगी और न ही अभिभावकों से अवैध शुल्क वसूला जाएगा। बीते दिनों कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि कई निजी विद्यालय मान्यता की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें केवल निर्धारित दुकानों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। साथ ही मेंटेनेंस व अन्य मदों में अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायतें भी मिली हैं।

बीएसए ने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी, एससीईआरटी की निर्धारित पुस्तकों का ही उपयोग किया जाएगा। किसी भी स्थिति में निजी प्रकाशकों की किताबें थोपना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा विद्यालयों को मान्यता की शर्तों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। पाठ्यक्रम में किसी प्रकार का अनधिकृत परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य करना भी नियमों के विरुद्ध बताया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत नामांकित बच्चों से किसी भी प्रकार का शुल्क लेना पूरी तरह अवैध है। यदि किसी विद्यालय द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बीएसए ने बताया कि विभागीय टीमें लगातार विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगी। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन या अवैध वसूली पाई जाती है तो संबंधित विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। अंत में सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को भी सरकार पाठ्य पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध कराए: अध्यक्ष



ललितपुर। जिले के प्राइवेट स्कूल संचालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निजी विद्यालयों से जुड़ी पुस्तकों, शुल्क एवं ड्रेस संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसियेशन ने बताया कि किस प्रकार प्राइवेट स्कूलों के विरोध में माहौल तैयार किया जा रहा है। ज्ञापन के दौरान प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के प्राइवेट विद्यालय शिक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में हमारे विद्यालय सरकार का कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से विद्यालय संचालक पुस्तक एवं शुल्क संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग करते आ रहे हैं, जिस पर अभी तक अपेक्षित ध्यान जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी पुस्तकें बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाती थीं, लेकिन वर्तमान में एनसीईआरटी की पुस्तकें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इसी कारण विद्यालयों को मजबूरी में निजी प्रकाशनों की पुस्तकें लगानी पड़ती हैं। जिससे पाठ्यक्रम की लागत भी बढ़ गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय किसी विशेष दुकान को पुस्तक या ड्रेस के लिए निर्धारित नहीं करते हैं, बल्कि उपलब्धता के आधार पर अभिभावक स्वयं दुकानों से खरीद करते हैं। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में तीस हजार बच्चे स्कूल जाने वाली उम्र के है और स्कूलों में है जिसमें से 27000 बच्चे प्राईवेट स्कूलों में अध्ययन कर रहें है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुये कहा कि इन 27000 छात्रों को भी सरकार की ओर से निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराये जिससे किताबों की समस्या का स्थाई समाधान किया जा सके। मंत्री ध्रुव साहू ने शुल्क के संबंध में बताया गया कि जिले के लगभग 90 प्रतिशत विद्यालयों की मासिक फीस 1500 रुपये से कम है तथा अधिकांश विद्यालय 200 रुपये से 1500 रुपये प्रतिमाह तक की फीस लेते हैं। विद्यालय अभिभावकों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष शुल्क वृद्धि भी नहीं करते हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है। उन्होने कहा कि जिला शुल्क नियामक समिति हमाने विद्यालयों के लिये शुल्क निर्धारित कर देते है तो हम उसका पालन करने को तैयार है। पूर्व अध्यक्ष मोहन सैनी ने ड्रेस के संबंध में कहा गया कि सामान्यतः विद्यालयों की ड्रेस 10 से 12 वर्षों तक परिवर्तित नहीं की जाती है तथा जनपद में ड्रेस उपलब्ध कराने वाली सीमित दुकानों के कारण अभिभावक उन्हीं दुकानों से ड्रेस खरीदते हैं। विद्यालयों द्वारा ड्रेस आदि को लेकर किसी भी प्रकार का दबाब नही बनाया जाता है। ज्ञापन में एसोसिएशन द्वारा मांगें रखी गई है कि बाजार में एनसीईआरटी की पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिससे बच्चों को प्राईवेट प्रकाशन की मंहगी पुस्तकों से राहत मिल सके। ज्ञापने में आगे कहा किया है कि सभी बच्चों को सरकारी विद्यालयों की तरह पाठ्य पुस्तकें निशुल्क वितरित की जाये जिससे पुस्तकों के मंहगे सस्ते का मुददा स्थाई रूप से समाधान किया जा सके।

### सफाई व्यवस्था फेल

## गांधीनगर नई बस्ती में गंदगी का अंबार, मोहल्लेवासी त्रस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के गांधीनगर नई बस्ती, वार्ड नंबर 4 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मोहल्ले के विभिन्न स्थानों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं, जबकि नालियां पूरी तरह चोक पड़ी हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि स्थानीय निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि कई दिनों से नियमित सफाई नहीं हो रही है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी समय पर नहीं आते और केवल औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं। इसके चलते सड़कों पर कचरा लगातार जमा हो रहा है और अब वह बड़े ढेर का रूप ले चुका है। नालियों की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। प्लास्टिक और अन्य कचरे से नालियां जाम हो गई हैं, जिससे जल निकासी पूरी तरह ठप हो गई है। परिणामस्वरूप सड़कों पर गंदा पानी भर रहा है और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। केवल आश्वासन ही मिले हैं, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मोहल्ले की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण बच्चे बाहर खेलने नहीं जा पा रहे हैं, वहीं बुजुर्गों को बदबू और प्रदूषित वातावरण में सांस लेने में दिक्कत हो रही है। कई लोग बीमार भी पडने लगे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, नियमित कचरा उठान सुनिश्चित किया जाए और नालियों की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था बहाल की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेते हैं और गांधी नगर नई बस्ती के लोगों को गंदगी और अव्यवस्था से राहत दिला पाते हैं। फिलहाल स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो अभियान शुरू

## तुर्का, सेरवांस कलां, पूरा विरधा में ग्रामीणों से मुलाकातकर गोष्ठी की, जनसमस्याएं भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर जनपद में जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व गांव चलो अभियान की शुरुआत हुई।इस के अन्तर्गत आज जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा बार मण्डल के ग्राम पंचायत तुर्का,सेरवांस कलां,पूरा विरधा आदि में पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात की गई और गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के 'अंत्योदय' के संकल्प से क्षेत्र के विकास में सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही जनसमस्याओं को सुनकर अतिशीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित किया।यह कार्यक्रम उच्च नेतृत्व के निर्देश पर सारे प्रदेश में चल रहा है जो सर्वस्पर्शी एवं अन्तिम पायदान तक खड़े व्यक्ति से सम्पर्क स्थापित करने हेतु पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रयास किये जाने का अभियान है । जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि सरकार की दूरदर्शी सोच और समर्पण से प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल होगा।हम विकसित भारत की दिशा में सरकार के सराहनीय प्रयासों का स्वागत करते हैं। इसके अलावा श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व जिला अध्यक्ष गण , प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी एड, बब्बू राजा बुन्देला, हरीराम सिंह लोधी, गौरव गौतम, सुदामा दुवे, नीरज पटैरिया, देवेन्द्र गुरु, मोनू पशतोर आदि भी विभिन्न गांव पहुंच कर, गांव चलो अभियान में शामिल रहे । इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी गण, समस्त देवतुल्य कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। गांव चलोअभियान, अंत्योदय, विकास की दिशा और मुख्यमंत्री के 'अंत्योदय' के संकल्प से क्षेत्र के विकास में सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही जनसमस्याओं को सुनकर अतिशीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित किया। सरकार की दूरदर्शी सोच और समर्पण से प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल होगा। हम विकसित भारत की दिशा में सरकार के सराहनीय प्रयासों का स्वागत करते हैं। पार्टी के पदाधिकारी गण, समस्त कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### रजवारा और कल्याणपुरा का जायजा लिया, गंदगी देख भड़के

## सीएमओ ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इसी क्रम में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बिरधा ब्लॉक के ग्राम रजवारा और कल्याणपुरा का सघन भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं संवेदनशील क्षेत्रों (हॉटस्पॉट्स) का चयन किया और वहां मौजूद जलभराव व नालियों की स्थिति को बारीकी से परखा। सीएमओ ने नालियों और गडढों में जलभराव देख नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि कहीं भी पानी जमा न होने दिया जाए। उन्होंने नालियों में नियमित रूप से एंटी-लार्वा दवाओं के छिड़काव के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि कूड़े के ढेरों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि जनता की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान कबाड़ की दुकानों और पुराने टायरों में जमा पानी को भी तुरंत हटवाया गया।

**घर-घर पहुंचेगी दस्तक**

डा. अहमद ने आगामी दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा की, जिसके तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे करेंगी। ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने बच्चों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाने और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने लाल निशान वाले उथले हैंडपंपों का पानी न पीने और केवल शुद्ध पेयजल का उपयोग करने के महत्व को समझाया।

**संचारी रोग मुक्त जनपद**

सीएमओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को डेंगू, मलेरिया और अन्य संचारी रोगों से मुक्त बनाना है। भ्रमण के दौरान उनके साथ पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना और वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हरिश्चंद्र नामदेव भी उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक हुई

## अमझरा धाम हनुमान मंदिर परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की पूर्व निर्धारित बैठक 1008 श्रीहनुमान मंदिर, अमझरा धाम में हनुमान जन्मोत्सव की छठी एवं मां कामाख्या देवी के स्थापना दिवस पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में हरेंद्र शाह बुन्देला राजू राजा, राव साहब नाराहट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समिति के संरक्षक पं.प्रताप नारायण दीक्षित विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी ने की तथा संचालन महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया।

शुरुआत मंदिर परिसर में विधिवत पूजन-अर्चन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुई। इस दौरान सभी वरिष्ठजनों ने भगवान हनुमान, मां कामाख्या देवी एवं व्यासजी महाराज के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन के उपरांत ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने समाज में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे समाप्त करने का आह्वान किया। साथ ही परिवार में वरिष्ठ एवं युवा वर्ग के बीच संवाद बढ़ाने, जीवन जीने की कला सिखाने तथा कठिन परिस्थितियों में मेहनत और ईमानदारी के साथ जीवन यापन करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इससे युवा वर्ग में अवसाद की समस्या कम होगी और आत्महत्या जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इस दौरान रेलवे अस्पताल के डा.संजय सिंह ने अपनी टीम के साथ वरिष्ठ नागरिकों का शुगर एवं ब्लड प्रेशर का निशुल्क परीक्षण किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपाय बताते हुए समाज के प्रति सक्रिय और समर्पित रहने का संदेश दिया। सभी वरिष्ठ जनों ने उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस मौके पर पं. शिवनारायण पाठक, इंजी.संजय चौबे, जगदीश प्रसाद पाराशर, अवध बिहारी उपाध्याय, सुरेश कुमार तिवारी, राजाराम गोस्वामी, गिरजा शंकर दुबे, दीपक वैद्य, नरेंद्र दीक्षित, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, रमेश पाठक, रविंद्र, राना रविंद्र सिंह परमार, कैलाश नारायण वैद्य, पं. आसाराम तिवारी, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, एड.बाबूलाल शर्मा, बलराम, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## किसान समृद्धि योजना में सीबीआई जांच की मांग

**ललितपुर।** शहर के नई बस्ती गांधीनगर निवासी हरपाल सिंह चंदेल ने भूमि संरक्षण विभाग और संबंधित अधिकारियों पर किसान समृद्धि योजना (कृष्ण समृद्धि योजना) एवं तालाब विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, फर्जी स्थल सत्यापन और अनियमित भुगतान का गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रकरण की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। शिकायतकर्ता हरपाल सिंह चंदेल ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में योजना के तहत करोड़ों रुपये के भुगतान किए गए, लेकिन कई स्थानों पर काम फर्जी तरीके से दिखाकर धनराशि निकाली गई। उदाहरण के लिए, ग्राम भौंता एवं बरौदा विकास खंड में तालाब निर्माण के नाम पर लगभग 6 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि स्थलीय जांच में काम अधूरा या फर्जी पाया गया। इसी तरह अन्य योजनाओं में फर्जी रिपोर्ट लगाकर धन निकासी का आरोप है। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति ने भी कई अनियमितताएं पाईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

फर्जी सत्यापन रिपोर्ट, क्विटेंस हस्ताक्षर में हेराफेरी और अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं को धमकाने जैसी घटनाओं का भी जिक्र किया गया। हरपाल सिंह चंदेल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनशन पर बैठने और उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को मजबूर होंगे। पत्र की प्रतियां मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कृषि, कृषि निदेशक और अन्य उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई हैं।

## नेशनल हाईवे जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

**ललितपुर।** ग्राम रोड़ा में नेशनल हाईवे के किनारे स्थित बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकान निर्माण कराने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने अमरपुर चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई और निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।

ग्राम रोड़ा निवासी मेहरवान सिंह पुत्र स्वर्गीय रामदास अहिरवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम रोड़ा में नेशनल हाईवे के पास उनकी पुश्तैनी और बेशकीमती जमीन स्थित है। पीड़ित के अनुसार, इस जमीन का एक हिस्सा फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान अधिग्रहित किया गया था, जिसका मुआवजा उनकी माता मीरा पत्नी स्व. रामदास को प्राप्त हुआ था। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव का ही एक व्यक्ति, जानकी प्रसाद सेन, अपनी दबंगई और गुंडागर्दी के बल पर उक्त भूमि पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण करा रहा है। पीड़ित का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी डराता-धमकाता है। पीड़ित मेहरबान सिंह ने चौकी प्रभारी से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर चल रहे अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जाए। साथ ही, राजस्व विभाग की टीम के साथ मिलकर जमीन की पैमाइश कराई जाए और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि गरीब परिवार को न्याय मिल सके। पीड़ित मेहरवान सिंह का कहना है मेरी पुश्तैनी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है। हमने पुलिस को सूचना दे दी है और हमें न्याय की पूरी उम्मीद है।

### भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक रंगों से भरा रहा

## उत्साह के संग संपन्न हुआ मां अंजनी मेला महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महरौनी (ललितपुर)



समीपस्थ ग्राम कुम्हैढ़ी में आयोजित माँ अँजनी मेला महोत्सव इस वर्ष भी भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक रंगों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। माँ अँजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक चला, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने माँ अँजनी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

समापन अवसर पर सायंकालीन सभा में ट्रस्ट प्रबंधक मुकेश श्रीवास्तव ने विधिवत पूजन-अर्चन कर मेला ध्वज को उतारकर माँ अँजनी मंदिर में स्थापित किया। इसके साथ ही पूरे आयोजन का विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर मुकेश श्रीवास्तव ने प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी महरौनी, नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, मेला चौकी प्रभारी अनुज अवस्थी, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक सहित सभी संबंधित अधिकारियों, सांस्कृतिक कलाकारों, दुकानदारों, पत्रकारों एवं ग्रामवासियों के योगदान की सराहना की। महोत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। एक ओर श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में लीन रहे, वहीं दूसरी ओर स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रमों में चार चांद लगा दिए। भक्ति और सांस्कृतिक समागम ने आयोजन को विशेष बना दिया। समापन समारोह में दिनेश विदुआ, संतोष निरंजन, धनीराम टिकरिया, संतोष पटेल, रामशरण दीक्षित, कमलेश तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, व्यास जी, बलराम निरंजन, रानू पलया, नारायण सिंह राजा, कृपाल प्रजापति, संजय मिश्रा, मुन्नालाल निरंजन, मुन्ना कुशवाहा, करन कुशवाहा, घसीटे कुशवाहा, संजू बाजा, हरीराम सेन, नारायण विश्वकर्मा सहित मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नायक, आनंद पंडा, धर्मेंद्र सिंह बारोन एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस की गहन विवेचना में हुआ खुलासा, प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडिशनल एसपी ने बताई जानकारी

# आठ नहीं बल्कि जीरापुर के रामगढ़ में बने थे 250 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़/जीरापुर



विगत दिनों जिले के जीरापुर विकासखंड के तहत आ रहे है रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आए 8 फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के मामले में पुलिस की विस्तृत जांच में नया खुलासा हुआ है। यह पूरा गड़बड़झाला सिर्फ आठ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तक ही सीमित नहीं था बल्कि आरोपियों ने अपने अलग-अलग उद्देश्यों को पूरी करने के लिए एक ही महीने में 137 जन्म प्रमाण पत्र जनरेट किए जो न केवल राजगढ़ बल्कि तेलंगाना सहित भारत के अन्य राज्यों के बच्चों के भी बनाए गए।

इस मामले में आरोपी बनाए गए हैं जिन पर 6 लोगों पर 420 सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर था जिसे विभाग पहले ही बर्खास्त कर चुका है।

जिला राजगढ़ में फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना माचलपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

### अन्य राज्यों के नाम से भी तैयार हुए बर्थ सर्टिफिकेट

पुलिस जांच में सामने आया के कई प्रमाण पत्र अन्य राज्यों (राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश) के व्यक्तियों के बनाए गए। कई प्रमाण पत्र 1950 से 1980 के मध्य के पाए गए, जबकि उस समय उक्त केन्द्र में डिलीवरी ही नहीं होती थी। उफर पोर्टल पर फर्जी दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए गए साथ ही एमओ को इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं थी क्योंकि एमओ ने अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और आधिकारिक आईडी ऑपरेटर अर्जुन को देखी थी। शासकीय ईमेल आईडी का उपयोग भी इस पूरे फर्जीवाड़ी में किया गया।


स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंप केस
रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

### मुख्य आरोपी ने उगला यह सच

अपने तरीके से की गई पूछताछ में मुख्य आरोपी अर्जुन ने कबूल किया कि आधार कार्ड में नाम/जन्मतिथि संशोधन कराने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाते थे। लोकसेवा केन्द्र, आधार सेंटर एवं एमपी ऑनलाइन संचालकों के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ा जाता था और संबंधित व्यक्तियों की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जाती थी। बिना किसी वैध दस्तावेज के पोर्टल पर एंट्री कर प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे। आरोपी प्रति प्रमाण पत्र 500 से 1000 रुपये तक लेते थी जो सबमें बटते थे। आरोपियों ने करीब 250 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने की बात स्वीकार की।

### यह हैं 6 आरोपी

गड़बड़झाले को अंजाम देने वाले आरोपियों में अर्जुन पिता रमेशचंद्र बैरागी, निवासी ग्राम लखौनी थाना माचलपुर, देवीलाल पिता गंगाराम गुर्जर निवासी कचनारिया, गिरिराज पिता हरि सिंह मीणा निवासी दुपाड़िया थाना जीरापुर, पवन पिता प्रेम सिंह राठौड़ निवासी धत्रवाड़ा थाना जीरापुर, जसवंत गुर्जर एवं भगवान सिंह गुर्जर निवासी फिरोजपुर थाना माचलपुर एवं सोनू पिता देवीलाल शर्मा निवासी राजपुरा थाना माचलपुर शामिल है।

**यह था पूरा मामला**

डॉ. सुनील चौरसिया, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरापुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 92/26 पंजीबद्ध कर धारा 318(4), 338, 336(3) बीएनएस के तहत दिनांक 06/04/2026 को प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। बीएमओ ने अपने प्रतिवेदन में जिक्र किया की अर्जुन बैरागी जो रामगढ़ अस्पताल में ही डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। माह फरवरी 2026 में पीएचसी में रामगढ़ में एक भी डिलीवरी नहीं हुई, इसके बावजूद अर्जुन ने 137 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए। संबंधित जन्म प्रमाण पत्रों के लिए कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। कई प्रमाण पत्र 01/04/2007 के पूर्व के बनाए गए जो कि शासकीय अस्पताल द्वारा जारी करना नियम विरुद्ध है

# 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सीलखेड़ा गांव में एक 6 साल की बच्ची के साथ निंदनीय एवं घिनौनी हरकत करने वाले आरोपी को ब्यावरा कोर्ट ने 10 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। आरोपी पर जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।

### क्या था पूरा मामला?

घटना 23 फरवरी 2025 की है जब करीब 6 साल की एक बच्ची अपने पड़ोस में ही खेल रही थी इसी दौरान बजे सिंह पिता मदनलाल निवासी सील खेडा थाना मलावर बालिका को कुछ पैसों का लालच देकर अपने घर के कमरे में ले गया। यहां बजे सिंह ने बालिका के साथ कुछ घिनौनी हरकतें की। इसी समय आरोपी की पत्नी भी कमरे में अचानक आ गई कुछ देर बाद बालिका को वहां से भगा दिया गया। बालिका आरोपी बजे सिंह को बस बाबा बड़े पापा का कर पुकारती थी और इसी का फायदा उठाकर उसने निकृष्टतम घटना को अंजाम दिया।




बच्ची ने घर पहुंच कर पूरी बात अपनी मां को बताई। बाद में परिजनों द्वारा मलावर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसी मामले की सुनवाई के दौरान ब्यावर प्रथम न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने तमाम सबूतो एवं गवाहों की बिना पर आरोपीय बजे सिंह को 10 साल की सजा सुनाई है। मामले में शासन की तरफ से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती डॉली गुप्ता ब्यावरा द्वारा पेरहवी की गई।

### नाबालिग बालिका भोपाल बस स्टैंड पर सकुशल मिली, आरोपित गिरफ्तार

कुरावर। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत कुरावर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर भोपाल बस स्टैंड से सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 06/04/2026 को फरियादी द्वारा थाना कुरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बालिका बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 103/2026, धारा 137(2) इठर के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामला नाबालिग बालिका से संबंधित होने के कारण पुलिस द्वारा तत्काल गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा भोपाल बस स्टैंड से बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। इस दौरान आरोपी शुभम वंशकार पिता पप्पूलाल वंशकार उम्र 20 वर्ष निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई, उनि अरविंद सिंह राजपूत, उनि मेहरबान सिंह मेचन, प्रआर प्रमोद, आर नवल, आर संदीप, मआर रानी, मआर मनीषा, साइबर सेल पवन मीणा प्रमुख थे।

## समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश


# उपार्जन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं डबल पंजीयन निरस्त करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह, उप संचालक कृषि सचिन जैन सहित एसएलआर, नान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएमओ राजगढ़ बाबन शर्मा के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु कमिश्नर को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिन समितियों में पंजीयन की संख्या अधिक है, वहां विशेष जांच की जाए। डबल पंजीयन पाए जाने पर तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही पटवारी एवं समिति ऑपरेटर को समन्वय के साथ अन्य नामों से किए गए पंजीयन का सत्यापन करने को कहा गया। बैठक में सभी एसडीएम से उपखंडवार रकबे की जानकारी ली गई। गलत रकबे पर पंजीयन कराने वाली समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# टीईटी विरोध में शिक्षकों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सालों से शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे शिक्षकों, अध्यापकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को लेकर जिले का पूरा शिक्षक समुदाय एकजुट खड़ा हो गया है।

बुधवार को राजगढ़ मुख्यालय पर अलग-अलग शिक्षक संगठनों के सैकड़ो शिक्षकों ने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर अपनी मंशा से अवगत कराया। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा सदस्य सुरेश दांगी, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, हेमराज शर्मा, रमेश चंद्र मालवीय, बलवंत सोधिया, जगदीश भलवाला, राजेंद्र सिंह खिंची के नेतृत्व में जिले के हजारों शिक्षकों ने बुधवार दोपहर शिक्षक पात्रता परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता हेतु जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन आक्रोश रैली निकालते हुए प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा।

## बायपास मार्ग जांच में उलझा, नगर परिषद नोटिस देकर निभा रही औपचारिकता

# बायपास बन गया भ्रष्टाचार का रास्ता? जांच के घेरे में 1.72 करोड़ का प्रोजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद द्वारा करीब 1 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से बनाया गया बायपास मार्ग शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। निर्माण में अनियमितताओं और घटिया गुणवत्ता के आरोपों के चलते यह मार्ग अब जांच के घेरे में है। बावजूद इसके जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदारों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है, जबकि नगर परिषद केवल नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती नजर आ रही है।

### दो एजेंसियों को मिला था निर्माण कार्य

जानकारी के अनुसार इस बायपास मार्ग का निर्माण कोरोना काल के दौरान शुरू किया गया था। निर्माण कार्य दो एजेंसियों को सौंपा गया था। भोपाल की ओम इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा लगभग 1100 मीटर सीसी रोड का निर्माण करीब 98 लाख रुपए में किया गया। शेष 600 मीटर मार्ग का निर्माण नरसिंहगढ़ की विजय शर्मा निर्माण एजेंसी द्वारा लगभग 74 लाख रुपए में किया गया।

### गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोरोना जैसे आपदा काल में ठेकेदारों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया। परिणामस्वरूप सड़क कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त होने लगी और अब जगह-जगह खराब स्थिति में दिखाई दे रही है। निर्माण की खामियां इतनी गंभीर हैं कि कई स्थानों पर पेड़ों की जड़ों के ऊपर तो कहीं कटे हुए पेड के तने पर ही सीमेंट-कंक्रीट डाल दिया गया। न तो उचित अर्थवर्क किया गया और न ही तकनीकी मानकों का पालन हुआ।

### सौर लैंप भी हुए बेकार

सड़क किनारे लगाए गए दो दर्जन से अधिक सौर ऊर्जा लैंप भी शुरू होने के बाद से ही खराब हो चुके हैं। रात के समय मार्ग पर अंधेरा रहता है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल पा रही।

### दो बार रुका निर्माण, फिर भी नहीं सुधरी स्थिति

600 मीटर के शेष निर्माण कार्य को गुणवत्ता के कारण दो बार रोका गया, लेकिन इसके बावजूद निर्माण में सुधार नहीं हुआ। आज पूरा मार्ग बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है।

### नोटिस तक सीमित कार्रवाई

नगर परिषद ने ठेकेदारों को नोटिस तो जारी किए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने के बावजूद ठेकेदार मरम्मत के लिए मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इससे प्रशासनिक सख्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जनता में नाराजगी जांच की मांग

नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी उन्हें बेहतर सड़क सुविधा नहीं मिल पाई। उल्टा यह मार्ग अब दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, यह बायपास मार्ग नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जनता को अब जांच रिपोर्ट और ठोस कार्रवाई का इंतजार है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर रोक लगाई जा सके।

### राजनीतिक मुद्दा बनने के आसार

यह मामला आगामी नगर परिषद चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकता है। अधूरा और क्षतिग्रस्त विकास कार्य जनता के बीच चर्चा का केंद्र बनता नजर आ रहा है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार?

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन का कहना है कि बायपास मार्ग के संबंध में पूर्व में क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने बताया कि एक और नोटिस जारी किया जा रहा है और यदि निर्माण एजेंसी मरम्मत नहीं करती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लाखों की लागत से बन रहा सरकारी रेस्ट हाउस चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**बीम-कॉलम में दरारें, लीपापोती से छुपाया जा रहा घटिया निर्माण**

**तकनीकी मापदंडों की खुलेआम अनदेखी**



सारंगपुर। वर्षों से नगर में एक व्यवस्थित विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) की मांग की जा रही थी। पुराने विश्राम गृह के अनुपयोगी हो जाने के कारण जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक को निजी होटलों या दूरस्थ स्थानों पर रुकने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए राज्य शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से सारंगपुर में नए सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह के निर्माण को स्वीकृति दी गई। निर्माण कार्य का तकनीकी प्रस्ताव पीआईयू विभाग द्वारा तैयार किया गया और तय डिजाइन के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी कर विधिवत भूमि पूजन के बाद काम शुरू किया गया। इस परियोजना की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी भी पीआईयू विभाग के पास है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। निर्माण कार्य अभी शुरुआती चरण में ही है, लेकिन इसी दौरान बीम और कॉलम में दरारें दिखाई देने लगी हैं, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। मौके पर मौजूद मजदूर इन दरारों को प्लास्टर और सीमेंट से ढककर छुपाने का प्रयास करते नजर आए, जिससे साफ जाहिर होता है कि घटिया सामग्री और लापरवाही के साथ काम किया जा रहा है।

स्थल निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि मौके पर न तो कोई जिम्मेदार इंजीनियर मौजूद था और न ही विभाग का कोई अधिकृत कर्मचारी। ऐसे में पूरा निर्माण कार्य मानो भगवान भरोसे चल रहा है। यह स्थिति भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके।

**बोले जिम्मेदार...**

आपने जानकारी दी में इंजीनियर को देख कर दिखबाती हु कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जायेगा।
स्वाति अग्रवाल पीआईयू राजगढ़,

## प्रशासन की नाकामी से गेहूं खरीदी पर बड़ा संकट

# वादों की पोल खुली! फिर तालाबंदी कर हड़ताल पर पहुंचे सोसाइटी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




राजगढ़ जिले में प्रशासन के आश्वासनों की हकीकत एक बार फिर उजागर हो गई है जिले की सभी सहकारी सोसाइटी के कर्मचारी उदनखेड़ी सहकारी समिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिससे पूरे जिले में गेहूं खरीदी,सहकारिता के कामकाज , व्यवस्था चरमराने लगी है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कर्मचारियों ने मार्च माह में हड़ताल की थी, लेकिन जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के लिखित आश्वासन के बाद उसे स्थगित कर दिया गया था। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उनकी पदोन्नति सहित अन्य मांगों पर जल्द निर्णय होगा, लेकिन प्रशासन की सुस्ती और अनदेखी के चलते आज तक कोई समाधान नहीं निकला। पदोन्नति की मांग को लेकर भड़के कर्मचारि संघ के जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा का साफ कहना है अब सिर्फ आश्वासन नहीं, फैसला चाहिएह्व कई बार ज्ञापन देने और बातचीत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारियों ने फिर आंदोलन का रास्ता अपनाया।

### आत्महत्या की रोकथाम, कॅरियर, हेल्दी हैबिटस के लिए आयोजन हुआ


जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में एन टी एफ द्वारा विद्यार्थियों के लिए आत्म हत्या रोकथाम, करियर काउंसलिंग एवं हेल्दी हैबिट्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ . चाष्टा द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने और आत्म हत्या जैसे कदम न उठाने के लिए पथ प्रदर्शित किया और आशा पुर्ण जीवन जीने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए । संयोजक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को हेल्दी हैबिट्स को अपनाने एवं अपने जीवन को सफल बनाने के लिए इन आदतों का पालन करना आवश्यक है। इसमें दिव्यांश शर्मा, हेमेंद्र फौजदार , डॉ रीना पाटीदार , मुकेश सेन , डॉ रश्मि सोनी,कनीज अंसारी आदि थे।

## 7 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, गरीब परिवारों की बेटियों के लिए अनूठी पहल की शुरू

# गांगाहोनी में सुरेश गिरी करा रहे 7 जोड़ों का निःशुल्क विवाह, उपहार में मिलेगी स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गंगाहोनी में समाजसेवा और दरियादिली की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए ग्राम गांगाहोनी के समाजसेवी सुरेश गिरी द्वारा आज 10 अप्रैल को गोस्वामी समाज का 6वां भव्य निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस पुनित कार्य की सबसे खास बात यह है कि इस पूरे आयोजन का भार स्वयं सुरेश गिरी द्वारा उठाया जा रहा है और किसी भी बाहरी व्यक्ति या संस्था से कोई सहयोग नहीं लिया गया है। इस सम्मेलन में गोस्वामी समाज के 7 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। सुरेश गिरी पिछले कई वर्षों से लगातार निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन कर कन्याओं के हाथ पीले करने का संकल्प निभा रहा है। यह इस कड़ी का छठा सफल आयोजन है, जिसे लेकर समाज और क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



### उपहार में 'स्कूटी' और गृहस्थी का संपूर्ण सामान

नवदंपत्तियों के सुखद भविष्य और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सुरेश गिरी द्वारा प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप एक-एक स्कूटी अलमारी कुलर 25 बर्तन पलंग बिस्तर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही घर की गृहस्थी के लिए आवश्यक अन्य सभी सामग्री और दहेज का सामान भी भेंट किया जाएगा, ताकि बेटियों को नए जीवन की शुरुआत में कोई कमी महसूस न हो।

### बिना जनसहयोग के अनूठी पहल

आज के दौर में जहां बड़े आयोजनों के लिए चंदा या सहयोग लिया जाता है, वहीं सुरेश गिरी ने स्पष्ट किया है कि यह आयोजन पूरी तरह निजी स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने किसी भी प्रकार का दान या सहयोग लेने से इंकार कर मानवता और निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया है। इस आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में है और लोग सुरेश गिरी के इस सेवाभावी कदम की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। वही सुरेश गिरी ने समस्त गोस्वामी समाज जनों को इस पुनीत कार्य में आने का आग्रह किया है।

**इनका कहना है**

बेटियों का विवाह करना पुण्य का कार्य है। कन्यादान महादान हमारा प्रयास है कि समाज की बेटियों का विवाह गरिमापूर्ण तरीके से हो। इलेक्ट्रिक स्कूटी देने के पीछे हमारा उद्देश्य बिना खर्च के बेटियों का आवागमन है।

**आयोजक सुरेश गिरी, पुत्र महंत श्री मंगु गिरि (भगोरा वाले)**

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 हेतु कार्यशाला संपन्न, जनसहभागिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत हिंद कन्वेंट स्कूल के सभा भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता लोकेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, भाजपा नेता शिव वेद, भगवान दास साहू, राजू जड़िया एवं पार्षद प्रतिनिधि अंकित साहू उपस्थित रहे। नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन एवं कर्मचारियों ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए केवल नपाके सफाई मित्रों का ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है। इंदौर शहर देश में स्वच्छता में अग्रणी है, उसी तरह नरसिंहगढ़ भी बन सकता है।